# आवश्यक सूचना

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर के द्वारा विगत दो वर्षों से किसानों के खेतों पर **कृषक सहभागिता *बीज उत्पादन* कार्यक्रम** के अन्तर्गत बीज उत्पादन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। वर्ष 2025-26 रबी अंतर्गत 10,000 क्विंटल गेहूँ, 600 क्विंटल राई एवं सरसों, 300 क्विंटल मसूर, 50 क्विंटल चना, 200 क्विंटल तिसी एवं 2026 की गरमा फसलों अंतर्गत 500 क्विंटल मूंग और 50 क्विंटल तिल का बीज उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त मड़ुआ, कौनी, सामा एवं चीना का 15-15 क्विंटल बीज उत्पादन भी किया जाएगा। इच्छुक किसान और किसान उत्पादक संगठन 15 अक्टूबर, 2025 तक बीज निदेशालय, ढ़ोली (मुजफ्फरपुर) में कार्यालय अवधि के दौरान निबंधन करा सकते हैं। संगठन के लिए निबंधन शुल्क ₹500.00 तथा सुरक्षा जमा राशि ₹5000.00 निर्धारित है। निबंधन के समय मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) का दो पासपोर्ट आकार का फोटो, आधार कार्ड, एफ.पी.ओ. निबंधन प्रमाण पत्र, जीएसटी नंबर और बैंक पासबुक की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य है। व्यक्तिगत किसान के लिए निबंधन शुल्क ₹500.00 तथा सुरक्षा जमा राशि ₹1000.00 निर्धारित है। इसके साथ ही किसान को दो पासपोर्ट आकार का फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक पासबुक की छायाप्रति प्रस्तुत करनी होगी। साथ ही किसान तथा किसान उत्पादक समूह दोनों को ₹1000.00 के स्टाम्प पेपर पर एग्रीमेंट कराना होगा। बीज उत्पादन हेतु न्यूनतम 1 हेक्टेयर भूमि का होना आवश्यक है। आवश्यकता एवं भण्डारण क्षमता आवश्यकता एवं भण्डारण क्षमता को देखते हुए ***पहले आओ, पहले पाओ*** के आधार पर किया जाएगा निबंधन प्रपत्र एवं एग्रीमेंट प्रपत्र विश्वविद्यालय के बेबसाईट पर उपलब्ध है।

**प्रभरी पदाधिकारी**
कृषक सहभागिता बीज उत्पादन कार्यक्रम
बीज निदेशालय,ढ़ोली, मुजफ्फरपुर
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय

**निदेशक, बीज**
बीज निदेशालय,ढ़ोली, मुजफ्फरपुर
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय